कार्यालय नगर पालिका परिषद धार जिला धार (म.प्र.)

Email :- cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक /5661/ /स्थापना/दिव्यांगजन भर्ती/2024 धार, दिनांक 14/10/24

:: दावा–आपत्ति सूचना ::

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका कमांक 7275/2019 में पारित आदेश दिनांक 30.01.2024, म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक एफ 07–19/2019/आ.प्र./1 दिनांक 14.02.2024,म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पत्र कमांक/676/16017123/2023/18–1 दिनांक 16.02.2023, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र., भोपाल के पत्र कमांक/स्था/एक/201/प्र.शि./2024/3780 भोपाल दिनांक 26.02.2024 तथा मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, के पत्र कमांक एफ 8–2/2013/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 04.01.2024 एवं अन्य पत्रों में दिये गये निर्देशानुसार दिव्यांगजन हेतु विशेष भर्ती अभियान के तहत आरक्षित पद/पदों की पूर्ति वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। इस हेतु निकाय द्वारा सहायक ग्रेड 03 (01 पद) व सहायक राजस्व निरीक्षक (01 पद) के लिए विज्ञापन क्रमांक/3950/स्थापना/2024 धार, दिनांक 24.07.2024 जारी कर निर्धारित योग्यता एवं आर्हता रखने वाले अभ्यार्थीयों द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र प्राप्त कर आवेदन–पत्रों के आधार पर पात्र–अपात्र अभ्यार्थीयों की मेरिट सूची छानबीन समिति द्वारा जारी की जाकर निकाय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। दावें–आपत्ति प्रस्तुत किये जाने की अवधि सूची प्रकाशन दिनांक 15/10/24 से दिनांक 21/10/24 (07 दिवस) सायंकाल 06:00 बजे तक निर्धारित की जाती है। निर्धारित अवधि में मय अभिलेख दावा–आपत्ति निकाय की स्थापना शाखा में प्रस्तुत करें। बाद अवधि कोई आपत्ति मान्य नहीं है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धार

पृ.क्र./5662/स्थापना/दिव्यांगजन भर्ती/2024 धार, दिनांक 14/10/24

प्रतिलिपि :–

1. संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास इन्दौर संभाग इन्दौर।
2. श्रीमान कलेक्टर महोदय धार।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धार।
4. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व क्षेत्र धार।
5. परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण जिला धार।
6. अध्यक्ष/उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद धार।
7. जिला रोजगार अधिकारी जिला धार।
8. पत्रकार/संपादक श्री पारिवारिक भईदूमियां की ओर भेज कर लेख है कि अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में दिव्यांगजनों हेतु रिक्त पदों की पूर्ती हेतु दावें–आपत्ति संबंधि का विज्ञापन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्थान में एक बार प्रकाशन करने का कष्ट करें प्रकाशन उपरान्त समाचार पत्र की तीन प्रतियां स्थापना शाखा में उपलब्ध करावें।
9. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करे हेतु।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धार

Scanned with OKEN Scanner